| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 01.08.2024 | J2 | इंदौर – उज्जैन के बीच मेट्रो के लिए डीपीआर सर्वे शुरू, इधर, तीन कोच की छठी खेप डिपो पहुंची | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 01-08-2024 Pg-J2

**सिंहस्थ में मेट्रो चलाने की तैयारी** • डीएमआरसी की टीम ने रूट का किया मौका मुआयना

# इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो के लिए डीपीआर सर्वे शुरू, इधर, तीन कोच की छठी खेप डिपो पहुंची

भास्कर संवाददाता | इंदौर

सरकार ने सिंहस्थ से पहले इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो चलाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा डीपीआर की तैयारी की जा रही है। बुधवार को डीएमआरसी की टीम ने लवकुश चौराहा से उज्जैन महाकाल तक रूट का मौका मुआयना किया। दोनों शहरों के बीच मेट्रो चलने से आवागमन का समय वर्तमान से एक तिहाई रह जाएगा। टीम ने लवकुश चौराहे से उज्जैन तक पूरे रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान अफसरों ने स्टेशन, डिपो और अन्य सुविधाओं के लिए जगह देखी। दोनों शहरों के बीच एलिवेटेड ट्रैक बनाने की योजना है। टीम ने लवकुश के आगे धरमपुरी, सांवेर होते हुए रूट का अवलोकन किया। कॉरपोरेशन के अफसरों ने बताया, इसे मौजूदा ट्रैक के साथ मर्ज किया जाएगा। टीम ने उज्जैन के समीप शिप्रा नदी का स्पॉट भी देखा। यहां पर ब्रिज बनाना होगा। इस दौरान इंदौर व उज्जैन की ओर से आबादी एरिया के फैलाव की जानकारी भी ली जा रही है, जिससे स्टेशन तय करने में मदद ली जाएगी।

इंदौर में मेट्रो रिंग रूट के साथ इसका विस्तार उज्जैन, पीथमपुर तक होना है। पूर्व में रूट का फिजिबिलिटी सर्वे किया था। इस आधार पर डीएमआरसी ने 3 रूट तैयार किए हैं।

## आज अनलोड करने के बाद यार्ड के ट्रैक पर टेस्टिंग होगी



बुधवार को तीन कोच की मेट्रो ट्रेन का सेट इंदौर पहुंचा। विधानसभा चुनाव के पहले मेट्रो टेन का पहला सेट इंदौर पहुंचा था। अब तक मेट्रो के कुल 6 सेट गांधी नगर स्थित डिपो पहुंच गए हैं। गुरुवार को इसे अनलोड किया जाएगा। फिर डिपो में स्टेब्लिंग यार्ड में टेस्टिंग ट्रैक पर इसकी टेस्टिंग की जाएगी। इसके बाद वायडक्ट पर इसे चलाकर देखा जाएगा। गुजरात के सांवली वडोदरा में कोच का निर्माण किया जा रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | नईदुनिया | इंदौर | 01.08.2024 | 11 | डीएमआरसी की टीम ने उज्जैन तक मेट्रो रूट का किया अवलोकन | Neutral |

नईदुनिया
इंदौर, गुरुवार, 01 अगस्त, 2024



www.naidunia.com

# डीएमआरसी की टीम ने उज्जैन तक मेट्रो रूट का किया अवलोकन

- महाकाल मंदिर तक मेट्रो चलाने की योजना पर काम शुरू
- सीएम के निर्देश के बाद डीपीआर तैयार करने का दिया है जिम्मा

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : इंदौर के लवकुश चौराहे से उज्जैन के महाकाल मंदिर तक मेट्रो चलाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन (डीएमआरसी) की तीन सदस्यीय टीम बुधवार को इंदौर पहुंची और उसने लवकुश चौराहे से महाकाल मंदिर तक 45 किलोमीटर के हिस्से पर प्रस्तावित मेट्रो रूट का अवलोकन किया। गौरतलब है कि डीएमआरसी द्वारा पिछले वर्ष मई में इंदौर से पीथमपुर और इंदौर से उज्जैन के बीच 84 किमी रूट पर मेट्रो चलाने की योजना के लिए सर्वे किया था। इस सर्वे रिपोर्ट को इस वर्ष मई में मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष रखा गया था। इसके बाद चार दिन पहले डीएमआरसी को लवकुश चौराहे से महाकाल मंदिर के बीच 45 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो चलाने के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने का जिम्मा मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. ने सौंपा। टीम ने डीपीआर तैयार करने के लिए मौका मुआयना किया।

इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो के संचालन के खर्च का नए सिरे होगा आंकलन : रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम के तहत पीथमपुर से इंदौर होते हुए उज्जैन तक मेट्रो के डीएमआरसी के प्रारंभिक सर्वे रिपोर्ट में ओवरहेड मेट्रो निर्माण पर 17 हजार करोड़ रुपये खर्च का आंकलन किया गया था। फिलहाल इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो निर्माण के लिए डीएमआरसी द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है।



वडोदरा से इंदौर पहुंचा मेट्रो का छठा कोच सेट। • सौजन्य

## छठा मेट्रो कोच सेट इंदौर पहुंचा

मंगलवार देर रात 2 बजे वडोदरा के सांगली से मेट्रो का छठा कोच सेट इंदौर पहुंचा। बुधवार को गांधी नगर डिपो में इस कोच को अनलोड किया गया। इस तरह अब इंदौर में 18 कोच वाले छह कोच सेट हो गए हैं। अगस्त में भी एक मेट्रो कोच सेट इंदौर पहुंचने की संभावना है। फिलहाल दो कोच सेट को 90 किलोमीटर प्रतिघंटा फुल स्पीड से मेट्रो के 5.9 किलोमीटर के ट्रैक पर चलाकर जांच की जा चुकी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | पत्रिका | इंदौर | 1.08.2024 | 02 | इंदौर-उज्जैन-पीथमपुर मेट्रो की प्रक्रिया तेज, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की आई टीम | Neutral |


INDOREPRIME
इंदौर प्राइम
पत्रिका patrika.com
इंदौर, गुरुवार 01 अगस्त 2024
Pg-II


**रफ्तार की अच्छी खबर:** सिंहस्थ 2028 तक का लक्ष्य, टीम ने अधिकारियों से की चर्चा, डीपीआर करेंगे तैयार, 84 किलोमीटर लंबा होगा कॉरिडोर

# इंदौर-उज्जैन-पीथमपुर मेट्रो की प्रक्रिया तेज, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की आई टीम



सांवली टू इंदौर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** सिंहस्थ 2028 को देखते हुए इंदौर से उज्जैन और इंदौर-पीथमपुर के बीच मेट्रो दौड़ाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। बुधवार को दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की टीम ने इंदौर पहुंचकर अधिकारियों से कुल 84 किमी के साथ दो कॉरिडोर तैयार करने को लेकर चर्चा की। साथ ही उक्त रूट को लेकर डीपीआर तैयार करने तकनीकी सलाह के साथ अन्य मुद्दों पर भी अधिकारियों से बात की।

इंदौर मेट्रो के अधिकारियों के मुताबिक, सहमति बनने के बाद ही डीपीआर तैयार की जाएगी और आगे की प्रक्रिया होगी। यह कॉरिडोर 84 किलोमीटर लंबा होगा। उज्जैन, इंदौर, पीथमपुर लाइन के पहले चरण में महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन-नानाखेड़ा बस स्टैंड से लेकर लवकुश चौराहा इंदौर तक डीपीआर बनाने का काम डीएमआरसी द्वारा किया जाएगा। बता दें, इस संबंध में मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने पत्र जारी किया है। सिंहस्थ तक यह प्रोजेक्ट धरातल पर आकार लेता है तो मेट्रो ट्रेन से उज्जैन में महाकाल दर्शन के एक घंटे से भी कम समय लगेगा।

### आप भी जानें...मेट्रो ट्रेन चलने से ये होंगे लाभ

- वंदे मेट्रो से 1 घंटे से भी कम समय में पहुंचा जा सकेगा इंदौर से उज्जैन।
- सिंहस्थ में उज्जैन शहर में अनुमानित 14 करोड़ श्रद्धालु पहुंचेंगे।
- इंदौर से उज्जैन जाने वाले लोगों की संख्या में भी काफी इजाफा होगा।
- वंदे मेट्रो ट्रेन इंदौर से उज्जैन जाने वालों के लिए बेहतर विकल्प होगी।

### मेट्रो का एक और कोच पहुंचा इंदौर

**बुधवार** सुबह करीब 10 बजे मेट्रो का एक और कोच गांधी नगर मेट्रो डिपो पहुंचा। हर दिन में 40 से 60 किलोमीटर का सफर तय कर ट्रालों ने कोच को इंदौर पहुंचाया। उन्हें क्रेन की मदद से ट्रालों से उतारकर पटरी पर रखा गया। अब एक-दो दिन तक उन्हें जोड़ने का काम किया जाएगा। इसके बाद ट्रायल होगा। इंदौर मेट्रो के लिए ट्रेन का निर्माण वडोदरा के सांवली में किया जा रहा है। अब आने वाले दिनों में और 21 कोच इंदौर आएंगे। गौरतलब है कि मेट्रो ट्रेन का काम शहर के कुछ क्षेत्रों में तेज गति से चल रहा है। मध्य क्षेत्र में अंडर ग्राउंड को लेकर मंथन जारी है। वर्ल्ड कप चौराहे से एमवायएच होते हुए ट्रेन को गुजारने को लेकर भी फैसला होना बाकी है।

**MP METRO NEWS**

**02nd August 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 02.08.2024 | 02 | इंदौर से उज्जैन मेट्रो की तैयारी शुरू दिल्ली मेट्रो कॉर्पोरेशन बनाएगा डीपीआर | Neutral |



### नानाखेड़ा बस स्टैंड से इंदौर के लवकुश चौराहा को जोड़ेगी

# इंदौर से उज्जैन मेट्रो की तैयारी शुरू दिल्ली मेट्रो कॉर्पोरेशन बनाएगा डीपीआर

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

प्रदेश के दो प्रमुख शहरों भोपाल और इंदौर में मेट्रो का संचालन अगले साल शुरू हो जाएगा। इस बीच आर्थिक राजधानी इंदौर से धार्मिक नगरी उज्जैन के बीच मेट्रो दौड़ाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह उज्जैन में नानाखेड़ा बस स्टैंड से इंदौर के लवकुश चौराहा तक चलाई जाएगी। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने का जिम्मा दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को दिया गया है।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस साल की शुरुआत में इंदौर से उज्जैन और इंदौर से पीथमपुर तक मेट्रो संचालन की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए थे। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन इस पर कार्य कर रहा है। प्रोजेक्ट्स के लिए तकनीकी मार्गदर्शन दिल्ली मेट्रो से लिया जा रहा है। अब एक कदम आगे बढ़ते हुए इंदौर-उज्जैन मेट्रो की डीपीआर बनाने के लिए दिल्ली मेट्रो को पत्र जारी कर दिया गया है। इधर, उज्जैन मेट्रो के लिए मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान और ऑल्टरनेटिव एनालिसिस रिपोर्ट तैयार करा चुका है। इस पर शासन के साथ ही अन्य संबंधित विचार कर रहे हैं।

### इंदौर में 31.55 किमी लंबा रूट मंजूर

इंदौर में मेट्रो के पहले चरण को नवंबर, 2018 में मंजूरी मिली थी। इसमें कुल 31.55 किमी लंबाई का रूट बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट मे 21 एलिवेटेड और सात भूमिगत स्टेशनो का निर्माण किया जाएगा। मौजूदा स्थिति मे 6.3 किमी वायाडक्ट और पांच स्टेशन व डिपो का काम चल रहा है। सितंबर-23 मे मेट्रो का ट्रायल रन शुरू किया गया था। इंदौर मेट्रो के फर्ज फेज के लिए 7500.80 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) और न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) से 3200 करोड़ रुपए का लोन लिया जाएगा। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप से 440 करोड़ रुपए जुटाए जुटाएंगे। केंद्र व राज्य सरकार से 906-906 करोड़ रुपए इक्विटी के तौर पर मिलेंगे।

# पचमढ़ी में टाइगर रिजर्व के नजदीक एयर स्ट्रिप निर्माण पर लगाई रोक

### वाइल्ड लाइफ और पर्यावरण क्लियरेंस लेना होगी

**भोपाल।** पचमढ़ी मे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के नजदीक एयर स्ट्रिप के विस्तार का काम दोबारा शुरू करने पर एनजीटी की सेंट्रल बेंच ने रोक लगा दी है। इसके लिए नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड व नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से क्लियरेंस लेना होगी। पर्यावरण अनुमति भी प्राप्त करना होगी। साथ ही प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू करने के पहले फ्लाइट के संचालन से वन्य जीवन और प्राणी समूह पर होने वाले असर की स्टडी करना होगी। ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार को प्रोजेक्ट से पर्यावरण को पहुंचने वाले नुकसान का अलग से अध्ययन कराने के भी आदेश दिए हैं। यह स्टडी आईआईएम, आईआईटी या नीरी जैसे किसी राष्ट्रीय स्तर के संस्थान से कराने क लिए कहा है। स्टडी और इसकी रिपोर्ट में की गई सिफारिशो पर अमल का खर्च भी राज्य शासन को उठाना होगा। साथ ही बेंच ने वन मंत्रालय के डायरेक्टर जनरल, एमपी सिया, चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन मप्र, नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी, विमानन के प्रमुख सचिव, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर और मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को भी पार्टी बनाया है।

### पर्यावरण मंत्रालय ऐसी गतिविधियों के लिए बनाए एसओपी

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को ईको सेंसेटिव जोन के आसपास इस तरह की विमानन गतिविधियो के स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोसीजर (एसओपी) तैयार करने के लिए भी कहा है। केंद्र सरकार के वन मंत्रालय के डायरेक्टर जनरल और राज्य के वन विभाग के प्रमुख सचिव को व्यक्तिगत तौर से यह मामला देखने और सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि नियमो का उल्लंघन न हो। केंद्र के संयुक्त सचिव या उससे उच्च स्तर के अधिकारी को हलफनामा देने के लिए भी कहा है।

**बंद पड़ी थी हवाईपट्टी, लंबाई बढ़ा रहे:** ब्रजेश कुमार भारद्वाज ने एनजीटी मे याचिका लगा कर कहा था कि पचमढ़ी हवाई पट्टी बंद पड़ी थी। अब इसका विस्तार करते हुए लंबाई 1200 मीटर से 1800 मीटर की जा रही है। ईको सेंसेटिव जोन सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की बाउंड्री के नजदीक यह एयर स्ट्रिप है। आरोप लगाया था कि निर्माण पर्यावरण नियमों का उल्लंघन है और इसके लिए जरूरी अनुमतियां व क्लियरेंस नही ली गई है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | पत्रिका | इंदौर | 02.08.2024 | 7 | लो, मैं आ गया...। अब जल्द ही शहर में रफ्तार भरेगी मेट्रो | Neutral |

पत्रिका

## फोटो स्टोरी लो, मैं आ गया..! अब जल्द ही शहर में रफ्तार भरेगी मेट्रो





मेट्रो ट्रेन का छठा रैक भी इंदौर पहुंच गया है। वैसे तो ये बुधवार सुबह ही गांधी नगर स्थित मेट्रो स्टेशन पहुंच गया था, लेकिन पर्दानशीं था। गुरुवार को इसका घूंघट उतरा और ये पटरी पर नजर आया। दो-तीन दिन इसमें तकनीकी कार्य होगा, इसे जोड़ा जाएगा। उसके बाद आप इसे ट्रायल बतौर पटरी पर फर्राटे भरते देख सकेंगे।

02/08/2024 | Indore City | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

**MP METRO NEWS**

**05th August 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 05.08.2024 | 01 | मेट्रो में होंगी स्मार्ट सुविधाएं, इमरजेंसी में यात्री ड्राइवर से बात कर सकेंगे | Positive |

दैनिक भास्कर डीबी स्टार इंदौर 05-08-2024

Pg-01

# मेट्रो में होंगी स्मार्ट सुविधाएं, इमरजेंसी में यात्री ड्राइवर से बात कर सकेंगे

**इंदौर** (डीबी स्टार)

इंदौर और भोपाल में चलने वाले मेट्रो के कोच सहित सभी सिस्टम आधुनिक टेक्नोलॉजी पर आधारित होंगे। मेट्रो कोच में लगा एयर कंडीशनिंग सिस्टम आधुनिक होगा जो वहां बैठे यात्रियों की संख्या के आधार पर तापमान कम या ज्यादा कर सकेगा। वहीं कोच में लगे ब्रेक भी कोच के लोड के आधार पर ही काम करेंगे।

कोच के अंदर लगी स्मार्ट लाइटिंग बाहर के प्राकृतिक तापमान के आधार पर अंदर की रोशनी तय करेगी। हर कोच में फायर-स्मोक अलार्म लग जाएंगे और साथ ही किसी संभावित से निपटने के लिए फायर एक्सटीन्गुइशेर भी फिट होंगे। कोच में मौजूद माइक्रोफोन से आपात स्थिति में यात्री ड्राइवर से बात कर सकेंगे।



# MP METRO NEWS

**18th March 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | पत्रिका | इंदौर | 18.08.2024 | 6 | जाने, मेट्रो स्टेशन की स्थिति: दिसंबर मे कमर्शियल रन प्रस्तावित, काम अधूरे | Neutral |

पत्रिका

पत्रिका {माय सिटी} MYCITY
पत्रिका इंदौर, रविवार 18 अगस्त 2024
SUNDAY 06
patrika.com

## जानें, मेट्रो स्टेशन की स्थिति: दिसंबर में कमर्शियल रन प्रस्तावित, काम अधूरे

# यात्री ध्यान दें... इधर सुपर कॉरिडोर स्टेशन 2 तो उधर स्टेशन 4 से आपको मिलेगी मेट्रो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** दिसंबर 2024 में गांधी नगर से करीब 5.8 किलोमीटर के हिस्से में मेट्रो ट्रेन के कमर्शियल रन की तैयारी है। इस हिस्से में यात्री मेट्रो में सफर कर सकेंगे। 6 स्टेशन पर मेट्रो चलाने का लक्ष्य है, लेकिन कई काम अधूरे हैं। हालांकि यात्रियों की सुविधा के लिए संकेतक लगाए हैं, जिनके जरिए उन्हें मेट्रो स्टेशन 2 और 4 पर किस तरह मेट्रो मिलेगी, इसकी जानकारी दी जा रही है। टीसीएस चौराहे के पास मेट्रो स्टेशन नं. 3 में तेजी से काम चल रहा है। प्रवेश गेट पर एस्कलेटर के साथ सीढ़ियां तैयार हो गई हैं। दूसरी ओर काम जारी है। यहां सीढ़ियों और एस्कलेटर का काम अधूरा है। स्टेशन पर लिफ्ट लग गई है, लेकिन ट्रायल नहीं हुआ है। बिजली के हाई वोल्टेज प्रभाव के साथ मेट्रो का ट्रायल हो चुका है। इस क्षेत्र को आम लोगों की पहुंच से दूर रखा जा रहा है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों का दावा है कि प्रस्तावित हिस्से में छह स्टेशन हैं, जिनके मुख्य काम अंतिम दौर में हैं। स्टेशन की प्रथम मंजिल पर टिकट काउंटर, एटीएम, वाटर टैंक आदि रहेगा। प्लेटफॉर्म बनाकर संकेतक लगा दिए हैं। मेट्रो संचालन के लिए स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

### मेट्रो से निकलने पर रहेगा इन्सुलेशन जोन

मेट्रो ट्रेन हाई वोल्टेज बिजली से चलेगी। मेट्रो के अधिकारियों के मुताबिक, मेट्रो के यात्रियों पर अर्थिंग का प्रभाव होने की आशंका रहती है। ट्रेन से बाहर आने पर अर्थिंग से झटका लग सकता है। इससे बचाव के लिए मेट्रो ट्रेन के गेट की फ्लोरिंग में इन्सुलेशन जोन बनाया जा रहा है। यात्री जैसे ही इन्सुलेशन फ्लोरिंग में कदम रखेगा तो अर्थिंग का प्रभाव खत्म हो जाएगा। निदेशक शोभित टंडन ने गेट पर इन्सुलेशन जोन बनाने की पुष्टि की है।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | Free Press Journal | Indore | 23.08.2024 | 02 | Chaitanya takes charge as MD of MPMRCL | Neutral |



# Chaitanya takes charge as MD of MPMRCL

**Our Staff Reporter**
INDORE



S Krishna Chaitanya, IAS, takes over as the managing director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited.

Chaitanya, a 2013-batch IAS officer of the Madhya Pradesh cadre, brings with him a wealth of experience, having served in various distinguished capacities within the Government of India and the Government of Madhya Pradesh. Prior to this appointment, Chaitanya served as the chief executive officer of the Madhya Pradesh State Employment Council, Panchayat & Rural Development Department.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | Times of india | Indore | 23.08.2024 | 3 | Load Testing | _Neutral |



# LOAD TESTING

Dharmendra Khatke

Metro train track load testing work going on in full swing at Gandhi Nagar on Thursday

**Indore Metro News**

**29th August, 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 29.08.2024 | 4 | मेट्रो एमडी ने ट्रेन का सफर कर समझी सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर की प्रगति | Neutral |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 3 August 29, 2024

# मेट्रो एमडी ने ट्रेन का सफर कर समझी सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर की प्रगति

## दिसंबर में पब्लिक रन शुरू करने का लक्ष्य, टाइम लिमिट में काम पूरा करने के निर्देश

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584460010

इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट की प्रगति का जायजा लेने एस. कृष्ण चैतन्य पदभार संभालने के बाद पहली बार इंदौर आए। उन्होंने इस दौरान मेट्रो डिपो, प्रायोरिटी सुपर कॉरिडोर, टीसीएस मेट्रो स्टेशन से रोबोट चौराहे, एयरपोर्ट अंडर ग्राउंड मेट्रो, एमजी रोड निरीक्षण कर प्रोजेक्ट की प्रगति का जायाजा लिया। इस दौरान सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर उन्होंने स्टेशन क्रमांक 3 से लेकर गांधी नगर मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन का सफर किया, क्योंकि दिसंबर माह में 5.9 किलोमीटर के इस हिस्से में मेट्रो को आम नागरिकों के लिए चलाना है। उन्होंने मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को उक्त लक्ष्य को हासिल करने के लिए टाइम लिमिट में काम पूरा करने के निर्देश दिए।



### स्टेशनों के सिविल वर्क में लाएं तेजी

इस दौरान डिपो में उचित जल निकासी सुनिश्चित करने और स्टेशनों के एंट्री-एग्जिट निर्माण कार्य तेजी करने, मेट्रो ट्रैक निर्माण के पास से गुजरने वाले सार्वजनिक यातायात को सुचारु बनाने के लिए सड़कों के पुनर्निर्माण और अनावश्यक बैरिकेड्स को हटाने के निर्देश दिए। सुपर कॉरिडोर पर बनाए गए सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो स्टेशन पहुंचकर यहां बनाए गए कंट्रोल रूम, टिकट ऑफिस, मशीन रूम, टेलिकॉम, सिग्नल रूम संबंधी काम को देखा। सिविल वर्क और तकनीकी काम तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### प्रोजेक्ट प्रगति को समझा

मेट्रो प्रोजेक्ट की प्रगति को समझा है। हमारा लक्ष्य सभी काम समय सीमा में पूरा करने का है। दिसंबर अंत तक सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर आरंभ हो इस पर काम किया जा रहा है। एमजी रोड पर अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट की स्थिति देखी है।

**-एस. कृष्ण चैतन्य,**
एमडी, एमएमआरसीएल

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 29.08.2024 | 03 | दिसंबर में ट्रेन दौड़ाने का दावाः मेट्रो के एमडी बोले- पूरी लगन से जुट जाएं, कमर्शियल रन होना है, काम समय पर पूरा हो | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 29-08-2024 Pg-03

# दिसंबर में ट्रेन दौड़ाने का दावाः मेट्रो के एमडी बोले- पूरी लगन से जुट जाएं, कमर्शियल रन होना है, काम समय पर पूरा हो

## पदभार ग्रहण करने के बाद एमडी ने किया मेट्रो रूट का निरीक्षण, प्रस्तावित अंडर ग्राउंड ट्रैक का रूट भी देखा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

इसी साल दिसंबर में सुपर कॉरिडोर पर छह किमी हिस्से पर मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर मप्र रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने बुधवार को सुपर कॉरिडोर पर डिपो का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने प्रस्तावित अंडर ग्राउंड रूट भी देखा। अफसरों ने उन्हें बताया, यहां रूट को लेकर विवाद है। इसकी वजह यह है कि व्यापारियों को लग रहा है कि सड़क छोटी हो जाएगी। निरीक्षण के बाद उन्होंने अफसरों, कांट्रेक्टर्स की बैठक बुलवाई। वे बोले कि 1 दिसंबर को कमर्शियल रन करना है, इसलिए जुट जाइए। काम समय पर पूरा होना चाहिए।

सुपर कॉरिडोर पर एससी-3 स्टेशन पर वे अफसरों के साथ ट्रेन में सवार हुए। एक-एक स्टेशन तक ट्रेन से गए। इंट्री-एग्जिट गेट सहित अन्य सुविधाओं का मुआयना किया। वे डिपो भी गए। जल निकासी प्रणाली को लेकर बात की। ट्रायल रूट वाले सभी 5 स्टेशनों पर एंट्री और एक्जिट पॉइंट का काम जल्दी पूरा करने को कहा। वहां से एयरपोर्ट पर बनने वाले स्टेशन की जगह देखी। कालानी नगर में भी निरीक्षण किया। वहां बीएसएफ की जमीन मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लेगा। वहां से सीधे एमजी रोड पहुंचे। पूर्व प्लान के मुताबिक मेट्रो हाई कोर्ट से अंडर ग्राउंड होना है। यहां एमडी ने नक्शा और उसके अनुसार जगह का मुआयना किया। यातायात सुचारु बनाने के लिए सड़कों के पुनर्निर्माण व अनावश्यक बैरिकेड्स को हटाने पर जोर दिया।



### पानी की निकासी की लाइन के लिए निगम को देंगे साढ़े चार करोड़

स्टेशनों पर ट्रेन के संचालन के जरूरी सेवाओं को लेकर समीक्षा की स्टेशन करते हुए कंट्रोल रूम, टिकट ऑफिस, सिग्नल, टेलीकॉम उपकरण आदि काम जल्द पूरा करने के लिए कहा। वे बोले कि सिविल वर्क के साथ सिस्टम कार्य जल्द पूरा किया जाए। डिपो में मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अफसर, कंसल्टेंट, प्रशासनिक भवन, ट्रैक आदि काम देखे। डिपो की बाउंड्री वाल से आसपास के इलाकों में पानी निकासी की समस्या हो गई है। इसलिए निगम ने इसके लिए कॉर्पोरेशन से साढ़े चार करोड़ रुपए मांगे हैं। अफसरों ने इसकी जानकारी भी एमडी को दी। निरीक्षण के दौरान शोभित टंडन निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), अजय कुमार महाप्रबंधक सिविल (भूमिगत), रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक सिविल (एलेवेटेड), अरुण कुमार श्रीवास्तव महाप्रबंधक (एस एंड टी और रोलिंग स्टॉक), राजीव कुमार गोयल के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और अन्य ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि दिसंबर 2024 तक सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू करना है। हालांकि इस रूट पर अभी मेट्रो को यात्री नहीं मिलेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Free press journal | Indore | 29.08.2024 | 05 | New Metro MD inspects Indore Metro's progress | Neutral |



# New Metro MD inspects Indore Metro's progress

Our Staff Reporter
INDORE



The newly-posted Managing Director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation (MPMRC) S Krishna Chaitanya, conducted an in-depth on-site inspection of the super priority corridor of Indore Metro Project from SC-03 station to Gandhi Nagar Depot as well as the underground route and held a review meeting with all stakeholders.

During on-site inspection, he was made aware of the latest progress and minute aspects of various components built for train operation at SC-03 station, SC-04 station, SC-05 station, SC-06 station and Gandhi Nagar station such as station control room, ticket office machine room, signalling equipment room, telecom equipment room and others. He directed to complete the system work along with civil work at the stations soon. He also directed to complete all entry-exit points at all stations as soon as possible. Also, he directed to reinstate nearby roads affected by the construction work and remove unnecessary barricades in order to ease road traffic.

He reached Gandhi Nagar Depot and discussed the importance of the depot in Metro train operation with senior officials, general consultant and contractor. He inspected the depot's inspection bay line, administrative building, test track etc. He highlighted the dependency of the depot in Metro train operation and directed officials to complete the remaining civil and system work in the depot as soon as possible. Along with this, the Managing Director also inspected the proposed underground Metro route. After field inspection, the Managing Director held a review meeting with all stakeholders in the Metro office and enquired about the updated progress and achievements against the target.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | नई दुनिया | इंदौर | 29.08.2024 | 03 | मेट्रो के निर्माण कार्य तय समय में पूरे करें, खराब सड़कें सुधारें | Neutral |



**दौरा** नए एमडी ने किया प्रायोरिटी कारिडोर का निरीक्षण, अधिकारियों को चर्चा में दिए निर्देश

# मेट्रो के निर्माण कार्य तय समय में पूरे करें, खराब सड़कें सुधारें

- एससी-तीन स्टेशन से गांधी नगर डिपो तक मेट्रो में बैठे एमडी
- सिविल वर्क के साथ सिस्टम कार्य भी जल्द पूर्ण करने का कहा

लजनईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन के नए एमडी एस. कृष्ण चैतन्य बुधवार को इंदौर पहुंचे। उन्होंने सुपर कारिडोर पर मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर पर एससी-तीन स्टेशन से गांधी नगर डिपो तक मेट्रो में बैठकर सफर के साथ निरीक्षण भी किया। उन्होंने मेट्रो के अधिकारियों व कांट्रेक्टर की बैठक भी ली और स्टेशन के प्रवेश व निकासी स्थल के निर्माण कार्य जल्द पुरा करने के निर्देश दिए।

बता दें कि गत दिनों वर्षा के दौरान मेट्रो के डिपो में जल जमाव की परेशानी बढ़ गई थी। इस वजह से एमडी ने डिपो परिसर में उचित जल निकासी प्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेट्रो के शहर में प्रस्तावित अंडर ग्राउंड रूट का निरीक्षण किया। उन्होंने मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के परिचालन के लिए जरूरी साधन जैसे स्टेशन कंट्रोल रूम, टिकट आफिस मशीन रूम, सिग्नलिंग इक्विपमेंट रूम, टेलीकाम इक्विपमेंट रूम की जानकारी भी ली। स्टेशनों पर सिविल वर्क के साथ सिस्टम कार्य को भी जल्द पूरा करने को कहा। डिपो के निरीक्षण यार्ड, प्रशासनिक भवन, टेस्ट ट्रैक का मुआयना भी किया।



प्रायोरिटी कारिडोर का निरीक्षण करते हुए नए एमडी। • सौजन्य

ट्रैफिक की बेहतरी के लिए अनावश्यक बेरिकेड हटाने के निर्देश : सुपर कारिडोर से रेडिसन चौराहे के बीच मेट्रो रेल प्रबंधन निर्माण कार्य के लिए शेड लगाए गए हैं। अब जिन हिस्सों में निर्माण कार्य पूर्णता पर है, उनमें मेट्रो के पास से गुजरने वाली सड़कों पर यातायात के सुचारु रूप से संचालन के लिए मेट्रो के एमडी ने खराब हो चुकी सड़कों के पुनर्निर्माण और अनावश्यक बेरिकेड हटाने के निर्देश भी दिए। एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने सभी अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट के प्रतिनिधियों एवं संवेदकों को तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे आमजन के लिए मेट्रो की सुविधा जल्द से जल्द मुहैया हो सके।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | पत्रिका | इंदौर | 29.08.2024 | 2 | मेट्रो कंपनी का प्रायोरिटी कॉरिडोर पर फोकस, कहा-हटा लें गैर जरूरी बैरिकेड | Neutral |

INDOREPRIME
इंदौर प्राइम
पत्रिका patrika.com
इंदौर, गुरुवार 29 अगस्त 2024
Pg-II

नए एमडी ने सुपर कॉरिडोर स्टेशन 3 से गांधी नगर डिपो तक किया निरीक्षण, सितंबर से 5.9 किमी में शुरू होगा कमर्शियल रन

# मेट्रो कंपनी का प्रायोरिटी कॉरिडोर पर फोकस, कहा-हटा लें गैर जरूरी बैरिकेड

## गांधी नगर डिपो से जल निकासी और स्टेशनों की एंट्री सुधारने के निर्देश



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मेट्रो ट्रेन के प्रायोरिटी कॉरिडोर (गांधी नगर डिपो से सुपर कॉरिडोर स्टेशन 3 तक 5.9 किमी) का सितंबर में कमर्शियल ट्रायल होना है, जिसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके चलते बुधवार को कंपनी के नए एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने दौरा कर एलिवेटेड ट्रैक का निरीक्षण किया। इसके अलावा अफसरों ने अंडरग्राउंड बनाए जाने वाले ट्रैक को भी समझा। साथ ही काम को समय पर करने के निर्देश दिए।

मेट्रो ट्रेन कंपनी के एमडी चैतन्य ने सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर छह से गांधी नगर स्टेशन पर ट्रेन के कमर्शियल रन के लिए स्टेशन कंट्रोल रूम, टिकट ऑफिस, मशीन रूम, सिग्नलिंग इक्विपमेंट रूम, टेलिकॉम इक्विपमेंट रूम के निर्माण की जानकारी ली। स्टेशनों पर सिविल वर्क के साथ-साथ अधिकारियों को तकनीकी कामों को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। स्टेशनों पर सभी एंट्री-एग्जिट प्वाइंट को पूरा करने के साथ ट्रैफिक को सुगम करने के उद्देश्य से प्रभावित होने वाली सड़कों को फिर से बनाने और उन बैरिकेड्स को हटाने के निर्देश दिए, जिनकी अब आवश्यकता नहीं है। चैतन्य के साथ दौरे में निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन, निदेशक (प्रोजेक्ट्स) अजय गुप्ता, महाप्रबंधक सिविल (अंडरग्राउंड) अजय कुमार, महाप्रबंधक सिविल (एलिवेटेड) रणवीर सिंह राजपूत, महाप्रबंधक (एस एंड टी एवं रोलिंग स्टॉक) अरुण कुमार श्रीवास्तव और महाप्रबंधक (एडमिन) राजीव कुमार गोयल के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण के कॉन्ट्रैक्टर सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### गांधी नगर डिपो का काम भी होगा जल्द

एमडी ने गांधी नगर डिपो में मेट्रो के कमर्शियल रन के लिए डिपो के कार्यों को लेकर अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट और कान्ट्रैक्टर के साथ चर्चा की। इंसपेक्शन बे लाइन, प्रशासनिक भवन, टेस्ट ट्रैक आदि की स्थिति देखकर डिपो में सिविल और सिस्टम वर्क के बचे हुए कार्यों को जल्द पूरा करने की बात कही। मेट्रो के तीसरे चरण में टीआइ मॉल से एयरपोर्ट तक प्रस्तावित भूमिगत मेट्रो मार्ग का भी निरीक्षण किया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Indore Talk Digital | Indore | 29.08.2024 | 4 | इंदौर मेट्रो प्राइऑरटी कोरिडोर का MD द्वारा निरीक्षण | Neutral |


Explore

इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर का MD द्वारा निरीक्षण।

116 0 7.2K Aug 28, 2024

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक, IAS एस. कृष्ण चैतन्य द्वारा इंदौर मेट्रो सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का मेट्रो ट्रेन द्वारा SC-03 स्टेशन से गाँधी नगर डिपो का गहन स्थलीय निरीक्षण किया गया। प्रबंध संचालक ने परियोजना संवेदकों को डिपो में उचित जल निकासी प्रणाली सुनिश्चित करने और स्टेशनों के एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स (आगमन – प्रस्थान) स्थल को यथा शीघ्र पूरा करने के निर्देश दि[illegible] संचालक द्वारा अन्डरग्राउन्ड रूट का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। मेट्रो निर्म[illegible] गुज़रने वाले सार्वजनिक यातायात को

Polls Event Explore Listing More

https://app.indoretalk.com/home/explore/1873

MP METRO NEWS

31st August 2024

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | नई दुनिया | इंदौर | 31.08.2024 | IV | अब कृष्ण ही लगाएंगे मेट्रो की नैया पार |





# अब 'कृष्ण' ही लगाएंगे मेट्रो की नैया पार



चलते चलते

उदय प्रताप सिंह

पिछले एक साल में मेट्रो रेल कार्पोरेशन में दो एमडी बदल गए हैं। जन्माष्टमी से पहले एस कृष्ण चैतन्य को मेट्रो का एमडी बनाया गया। उनके पास मेट्रो के अलावा किसी विभाग का प्रभार नहीं रखा है। इस बार यह कवायद हो रही है कि इंदौर-भोपाल के मेट्रो को गति देकर जल्द से जल्द पटरी पर ला सकें। इंदौर में मेट्रो निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों के असंतोष के बाद यह तय नहीं हो पा रहा है कि दिसंबर में मेट्रो के प्रायरिटी कारिडोर पर कमर्शियल रन शुरू होगा या नहीं। वहीं बंगाली चौराहे से मेट्रो को अंडर ग्राउंड करने का मुद्दा भी अभी उलझन में है। नए एमडी ने इंदौर आकर दौरा तो कर लिया है। ऐसे में अब 'कृष्ण' से ही उम्मीद है कि वो मेट्रो की नैया को पार लगाएंगे। मेट्रो का काम गति पकड़ेगा और जो भी बाधाएं होंगी, उन्हें दूर किया जा सकेगा।



पिछले दिनों मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने इंदौर आकर मेट्रो के चल रहे मौजूदा कार्यों का अवलोकन किया था। ● फाइल फोटो

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | पत्रिका | इंदौर | 31.08.2024 | 03 | #MetroTrain: यलो लाइन मेट्रो का दिसंबर में होगा कमर्शियल रन |



## #MetroTrain: यलो लाइन मेट्रो का दिसंबर में होगा कमर्शियल रन

# एक साल में इंदौर आए 7 कोच, कर्मचारियों की नियुक्ति जारी...

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल रन दिसंबर में होने का दावा है। अभी करीब 5.8 किलोमीटर में ट्रेन चलाने की तैयारी है, जबकि जुलाई 2025 में 17 किलोमीटर यानी गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक ट्रेन चलाने की बात कही जा रही है। मेट्रो ट्रेन के लिए वडोदरा की कंपनी में बने पहले 3 कोच 30-31 अगस्त 2023 को इंदौर आए थे। एक साल में 7 कोच आए हैं। कमर्शियल रन के लिए स्टेशन के शेष काम तेजी से करने के साथ कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है।

इंदौर में चलने वाली मेट्रो यलो लाइन है। चूंकि देवी अहिल्या की नगरी में मेट्रो चलनी है, इसलिए इसे अहिल्या एक्सप्रेस नाम देने की भी तैयारी है। मालूम हो, तीन डिब्बों का एक कोच है और इंदौर में 25 कोच चलाने की तैयारी है। जुलाई में इंदौर डिपो को छठा तो दो दिन पहले सातवां कोच मिला है। सभी मेट्रो कोच के इंजिन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) आधारित होते हैं, जिनका संचालन बिना पायलट के भी कर सकते हैं। अफसरों के मुताबिक, शुरुआती दौर में पायलट की मदद से मेट्रो का संचालन होगा, बाद में बिना पायलट ट्रेन रन करेगी। बुधवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के नए एमडी कृष्ण चैतन्य ने अफसरों के साथ दौरा किया था।

### स्टेशनों का 80 प्रतिशत काम पूरा

अफसरों का दावा है कि सभी स्टेशनों का काम लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। निरीक्षण के बाद अन्य कार्यों में भी तेजी लाई गई है। कमर्शियल रन के लिए स्टेशन पर टिकट खिड़की, चेकिंग आदि के लिए कर्मचारियों की तैनाती की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मेट्रो कॉर्पोरेशन के निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन के मुताबिक, इंदौर मेट्रो के लिए 7 कोच आ चुके हैं। ट्रायल जारी है। अधूरे काम तेजी से पूरे करने का प्रयास हैं।